

Central Board of Secondary Education

# Question Paper 2016

[Official]

By

AglaSem

www.schools.aglasem.com

AglaSem Schools

**SET – 1**

**Series :ONS/2**

कोड नं.
Code No. **58/2/1**

रोल नं.
Roll No.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **12** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **30** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **12** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **30** questions.
- **Please write down the serial number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

http://schools.aglasem.com/

# अर्थशास्त्र

# ECONOMICS

*निर्धारित समय : 3 घंटे* | *अधिकतम अंक : 100*

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

***सामान्य निर्देश :***

*(1) दोनों खण्डों के **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(2) प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक उसके सामने दिए गये हैं ।*

*(3) प्रश्न संख्या **1-5** तथा **16-20** अति लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक का **1** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर केवल **एक वाक्य** में ही अपेक्षित है ।*

AglaSem Schools

*(4)* *प्रश्न संख्या **6-8** और **21-23** लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक **3** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **60** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(5)* *प्रश्न संख्या **9-11** और **24-26** भी लघूत्तरात्मक प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **4** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **70** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(6)* *प्रश्न संख्या **12-15** और **27-30** व्याख्यात्मक उत्तर वाले प्रश्न हैं, जिनमें प्रत्येक के **6** अंक हैं । प्रत्येक का उत्तर सामान्यतः **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(7)* *उत्तर संक्षिप्त तथा तथ्यात्मक होने चाहिए तथा यथासंभव ऊपर दी गई सीमा के अंतर्गत ही दिए जाने चाहिए ।*

**General Instructions :**

*(1)* ***All** questions in both sections are compulsory.*

*(2)* *Marks for questions are indicated against each question.*

*(3)* *Question No. **1-5** and **16-20** are very short answer questions carrying **1** mark each. They are required to be answered in **one** sentence.*

*(4)* *Question No. **6-8** and **21-23** are short answer questions carrying **3** marks each. Answers to them should not normally exceed **60** words each.*

*(5)* *Question No. **9-11** and **24-26** are also short answer questions carrying **4** marks each. Answers to them should not normally exceed **70** words each.*

*(6)* *Question No. **12-15** and **27-30** are long answer questions carrying **6** marks each. Answers to them should not normally exceed **100** words each.*

*(7)* *Answers should be brief and to the point and the above word limit be adhered to as far as possible.*

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

## खण्ड – अ

## SECTION – A

1. एक उत्पादक व्यवसाय चलाने के लिए ऋण लेता है लेकिन व्यवसाय का प्रबंधन स्वयं करता है । अंतर्निहित लागत की पहचान कीजिए । **1**

A producer borrows money to run a business but manages the business himself. Identify implicit cost.

2. एक फर्म एक वस्तु की अधिक मात्रा केवल कीमत कम करके ही बेच सकती है । उसकी सीमांत सम्प्राप्ति (आगम) :

(सही विकल्प चुनिए)

(a) औसत सम्प्राप्ति (आगम) से अधिक होगी

(b) औसत सम्प्राप्ति (आगम) से कम होगी

(c) औसत सम्प्राप्ति (आगम) के समान होगी

(d) शून्य होगी **1**

A firm is able to sell more quantity of a good only by lowering the price. The firm's marginal revenue, as he goes on selling, would be :

(choose the correct alternative)

(a) Greater than average revenue

(b) Less than average revenue

(c) Equal to average revenue

(d) Zero

3. माँग में कमी कब होती है ? **1**

When does 'decrease' in demand take place ?

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

4. 'केवल कुछ बड़े विक्रेता' इसकी विशेषता है :

(सही विकल्प चुनिए)

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकारिक प्रतियोगिता

(c) अल्पाधिकार

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं **1**

'A few big sellers' is a characteristics of : (choose the correct alternative)

(a) Perfect competition

(b) Monopolistic competition

(c) Oligopoly

(d) None of the above

http://schools.aglasem.com/

5. एक फर्म की सीमांत सम्प्राप्ति (आगम) इस बाजार में निरंतर स्थिर रहती है : (सही विकल्प चुनिए)

(a) पूर्ण प्रतियोगिता

(b) एकाधिकारिक प्रतियोगिता

(c) अल्पाधिकार

(d) उपरोक्त सभी **1**

Marginal revenue of a firm is constant throughout under : (choose the correct alternative)

(a) Perfect competition

(b) Monopolistic competition

(c) Oligopoly

(d) All the above

6. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । सीमांत प्रतिस्थापन दर 1 है । वस्तु X और Y की कीमतें क्रमशः ₹ 3 और ₹ 4 प्रति इकाई हैं । क्या उपभोक्ता संतुलन में है ? उसकी आगे प्रतिक्रिया क्या होगी ? कारण दीजिए । **3**

A consumer consumes only two goods X and Y. The Marginal Rate of Substitution is 1. Prices of X and Y are ₹ 3 and ₹ 4 per unit respectively. Is the consumer in equilibrium ? What will be further reaction of the consumer ? Give reason.

AglaSem Schools

7. X और Y वस्तुओं की कीमत माँग लोच क्रमश: शून्य और (–) 1 है । इनमें से किसकी माँग अधिक लोचदार है और क्यों ? **3**

Price elasticity of demand for the two goods X and Y are zero and (–) 1 respectively. Which of the two is more elastic and why ?

8. न्यूनतम कीमत निर्धारण का अर्थ और इसके परिणाम समझाइए ।

**अथवा**

एक वस्तु की माँग में 'वृद्धि' के कारण होने वाले प्रभावों की शृंखला समझाइए । **3**

Explain the meaning of 'minimum' price ceiling and its implications.

**OR**

Explain the chain of effects of 'increase' in demand of a good.

9. एक वस्तु की माँग पर उपभोक्ता की आय बढ़ने के प्रभाव समझाइए । **4**

Explain the effect of change in income of a consumer on demand of a good.

10. ऐसा उत्पादन फलन किस प्रकार का है जिसमें केवल एक आगत की वृद्धि की जाती है जबकि अन्य आगतों को स्थिर रखा जाता है । ऐसे उत्पादन फलन में कुल उत्पाद का व्यवहार बताइए ।

**अथवा**

लागत की परिभाषा दीजिए । जैसे-जैसे उत्पादन में वृद्धि की जाती है (a) कुल स्थिर लागत और (b) कुल परिवर्ती लागत का व्यवहार बताइए । **4**

What type of production function is this in which only one input is increased and others kept constant ? State the behaviour of total product in this production function.

**OR**

Define cost. State the behaviour of (a) Total Fixed Cost and (b) Total Variable Cost as output is increased.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

11. पूर्णतया लोचदार पूर्ति से क्या अभिप्राय है ? जब कीमत प्रति इकाई ₹ 2 गिर जाती है तो पूर्ति 100 इकाई से घटकर 80 इकाई हो जाती है । आपूर्ति की कीमत लोच 2 है । परिवर्तन से पूर्व की कीमत का परिकलन कीजिए । **4**

What is perfectly elastic supply ? When price falls by ₹ 2 per unit, supply falls from 100 units to 80 units. Price elasticity of supply is 2. What was the price per unit before change ? Calculate.

12. इस पूर्वधारणा पर आधारित, कि कोई भी उत्पादन साधन सभी वस्तुओं के उत्पादन में एक जैसा कुशल नहीं होता, उत्पादन सम्भावना तालिका की सहायता से 'अवसर लागत' और 'परिवर्तन की सीमाँत दर' अवधारणाएँ समझाइए । **6**

Explain the concepts of Opportunity Cost and Marginal Rate of Transformation using a production possibility schedule based on the assumption that no resource is equally efficient in production of all goods.

http://schools.aglasem.com/

13. एक उपभोक्ता केवल दो वस्तुओं X और Y का उपभोग करता है । सीमांत उपयोगिता विश्लेषण की सहायता से उपभोक्ता संतुलन की शर्तें समझाइए । **6**

A consumer consumes only two goods X and Y. Explain the conditions of consumer's equilibrium using Marginal Utility Analysis.

14. "पूर्ति वक्र में खिसकाव" और "पूर्ति वक्र के साथ-साथ चलन" में अंतर समझाइए । प्रत्येक के लिए जिम्मेदार एक कारक बताइए । रेखाचित्रों का प्रयोग कीजिए ।

Explain the difference between "Shift of Supply Curve" and "Movement along Supply Curve". State one factor responsible for each. Use diagrams.

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** :

मान लीजिए एक वस्तु के केवल दो विक्रेता हैं । इस मान्यता के आधार पर वैयक्तिक आपूर्ति तालिका से बाजार पूर्ति तालिका प्राप्त करने की प्रक्रिया समझाइए । एक संख्यात्मक उदाहरण लीजिए । **6**

**For blind candidates :**

Explain the derivation of market supply schedule from individual's supply schedules assuming that there are only two sellers. Take a numerical example.

AglaSem Schools

15. निम्नलिखित के परिणाम समझाइए :

(a) एकाधिकारिक प्रतियोगिता में उत्पाद विभेद

(b) पूर्ण प्रतियोगिता में पूर्ण ज्ञान

**अथवा**

निम्नलिखित के परिणाम समझाइए :

(a) अल्पाधिकार में फर्मों के बीच परस्पर निर्भरता

(b) पूर्ण प्रतियोगिता में विक्रेताओं की बड़ी संख्या **6**

Explain the implications of the following :

(a) Product differentiation in monopolistic competition.

(b) Perfect knowledge in perfect competition.

**OR**

Explain the implications of the following :

(a) Interdependence between firms in oligopoly.

(b) Large number of sellers in perfect competition.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

## खण्ड – ब

## SECTION – B

16. सकल निवेश की परिभाषा दीजिए । **1**

Define Gross Investment.

17. उत्पादन में अचल पूँजीगत परिसम्पत्तियों के प्रयोग में होने वाले अप्रत्याशित अप्रचलन को यह कहते है :

(सही विकल्प चुनिए)

(a) अचल पूँजी का उपभोग

(b) पूँजीगत हानि

(c) आय हानि

(d) उपरोक्त में से कोई नहीं **1**

Unforseen obsolescence of fixed capital assets during production is :

(choose the correct alternative)

(a) Consumption of fixed capital

(b) Capital loss

(c) Income loss

(d) None of the above

http://schools.aglasem.com/

18. प्राथमिक घाटे से क्या अभिप्राय है ? **1**

What is primary deficit ?

AglaSem Schools

19. सरकार द्वारा 'विनिवेश' का अर्थ है : (सही विकल्प चुनिए)

(a) अपनी अचल पूँजीगत परिसम्पत्तियाँ बेचना

(b) अपने सार्वजनिक उद्यमों के शेयर बेचना

(c) अपने भवन बेचना

(d) उपरोक्त सभी **1**

Disinvestment by government means : (choose the correct alternative)

(a) Selling of its fixed capital assets

(b) Selling of shares of public enterprises held by it.

(c) Selling of its buildings

(d) All the above

20. भुगतान संतुलन घाटा : (सही विकल्प चुनिए)

(a) चालू लेखा भुगतान का चालू लेखा प्राप्ति पर आधिक्य

(b) पूँजी लेखा भुगतान का पूँजी लेखा प्राप्ति पर आधिक्य

(c) स्वतंत्र भुगतान का स्वतंत्र प्राप्ति पर आधिक्य

(d) समायोजन हेतु भुगतान का समायोजन हेतु प्राप्ति पर आधिक्य **1**

Balance of Payments 'deficit' is the excess of : (choose the correct alternative)

(a) Current account payments over current account receipts.

(b) Capital account payments over capital account receipts.

(c) Autonomous payments over autonomous receipts.

(d) Accommodating payments over a accommodating receipts.

21. यदि वास्तविक आय 400 हो और कीमत सूचकांक 100 हो, तो मौद्रिक आय का परिकलन कीजिए । **3**

Given real income to be 400 and price index be 100, calculate nominal income.

22. एक संख्यात्मक उदाहरण लेकर औसत उपभोग प्रवृत्ति और सीमांत उपभोग प्रवृत्ति के बीच भेद कीजिए ।

**अथवा**

समझाइए अभावी माँग दूर करने में सरकारी व्यय किस प्रकार सहायक हो सकता है । **3**

Distinguish between Average Propensity to Consume and Marginal Propensity to Consume using a numerical example.

**OR**

Explain how can government spending be helpful in removing deficient demand.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

23. संतुलन राष्ट्रीय आय ज्ञात कीजिए :

स्वतंत्र उपभोग व्यय = 120

सीमांत उपभोग प्रवृत्ति = 0.9

निवेश व्यय = 1100 **3**

Find equilibrium national income :

Autonomous consumption expenditure = 120

Marginal propensity to consume = 0.9

Investment expenditure = 1100

24. सरकार बाल टीका कार्यक्रम पर व्यय करती है । इसके सकल घरेलू उत्पाद और कल्याण पर प्रभाव समझाइए । **4**

Government spends on child immunization programme. Analyse its impact on Gross Domestic Product and welfare of the people.

25. मुद्रा का 'लेखा की इकाई' कार्य समझाइए । वस्तु-विनिमय से उत्पन्न संबंधित समस्या का निवारण इसके कारण कैसे हो पाया है ?

**अथवा**

मुद्रा का 'आस्थगित भुगतान' कार्य समझाइए । वस्तु-विनिमय से उत्पन्न संबंधित समस्या का निवारण इसके कारण कैसे हो पाया है ? **4**

Explain the 'Unit of Account' function of money. How has it solved the related problem created by barter ?

**OR**

Explain the 'Standard of deffered payment' function of money. How has it solved the related problem created by barter ?

26. केन्द्रीय बैंक का 'जारीकर्ता बैंक' कार्य समझाइए । **4**

Explain the 'bank of issue' function of central bank.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

27. राजस्व प्राप्ति से क्या अभिप्राय है ? अर्थव्यवस्था में स्थिरता लाने में सरकारी बजट का योगदान समझाइए ।

**अथवा**

सरकारी बजट से क्या अभिप्राय है ? अर्थव्यवस्था में संसाधनों के आवंटन को प्रभावित करने में सरकारी बजट की भूमिका समझाइए । **6**

What are revenue receipts ? Explain the role of government budget in bringing stability in the economy.

**OR**

What is government budget ? Explain the role of government budget in influencing allocation of resources in the economy.

28. राष्ट्रीय आय संतुलन को व्यक्त करने की दो वैकल्पिक शर्तें प्राप्त कीजिए । संतुलनों को एक ही रेखाचित्र पर दिखाइए । **6**

Derive the two alternative conditions of expressing national income equilibrium. Show these equilibrium conditions on a single diagram.

**दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए** :

राष्ट्रीय आय संतुलन को व्यक्त करने की दो वैकल्पिक शर्तें समझाइए । जब अर्थव्यवस्था संतुलन में न हो तो इसके कारण होने वाले प्रभाव समझाइए ।

**For the blind candidates :**

Derive the two alternative conditions of expressing national income equilibrium. Explain the effects when economy is not in equilibrium.

29. भारतीय निवेशक विदेशों से उधार लेते हैं । निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(a) भुगतान संतुलन लेखा में किस उप-लेखा में और किस पक्ष में इस उधार को दर्ज करेंगे ? कारण दीजिए ।

(b) विनिमय दर पर पड़ने वाले इस उधार के प्रभाव की व्याख्या कीजिए । **6**

Indian investors borrow from abroad. Answer the following :

(a) In which sub-account and on which side of the Balance of Payments Account will this borrowing be recorded ? Give reason.

(b) Explain what is the impact of this borrowing on exchange rate.

http://schools.aglasem.com/

AglaSem Schools

30. 'कारक लागत पर निवल घरेलू उत्पाद' और 'निजी आय' ज्ञात कीजिए :

| | | (करोड़ ₹) |
|---|---|---|
| (i) | सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय | 600 |
| (ii) | विदेशों को निवल चालू हस्तांतरण | (–) 20 |
| (iii) | अचल पूँजी का उपभोग | 60 |
| (iv) | सरकार द्वारा चालू हस्तांतरण | 30 |
| (v) | अप्रत्यक्ष कर | 100 |
| (vi) | सरकार को प्राप्त आय | 80 |
| (vii) | आर्थिक सहायता | 10 |
| (viii) | विदेशों को निवल कारक आय | (–) 10 |
| (ix) | राष्ट्रीय ऋण पर ब्याज | 40 |
| (x) | वैयक्तिक कर | 150 |

**4, 2**

Calculate Net Domestic Product at Factor Cost and Private Income :

| | | (₹ crore) |
|---|---|---|
| (i) | Gross National Disposable Income | 600 |
| (ii) | Net current transfers to abroad | (–) 20 |
| (iii) | Consumption of fixed capital | 60 |
| (iv) | Current transfers from government | 30 |
| (v) | Indirect tax | 100 |
| (vi) | Income accruing to government | 80 |
| (vii) | Subsidies | 10 |
| (viii) | Net factor income to abroad | (–) 10 |
| (ix) | National debt interest | 40 |
| (x) | Personal tax | 150 |

http://schools.aglasem.com/